ISP (Internet service provider) इन्टरनेट सेवा प्रदाता

इन्टरनेट का कोई भी मालिक नहीं हैं |इसलिए इन्टरनेट का पूरा खर्च किसी को वहन नही करना पड़ता, बल्कि इन्टरनेट पर किये जाने वाले कार्य के बदले प्रत्येक User को अपने हिस्से का भुगतान करना पड़ता हैं |नेटवर्क से सभी छोटे तथा बड़े नेटवर्क जुड़े होते हैं तथा इनको जोड़ने पर होने वाले खर्च की राशि कहाँ से लाये, यह निर्णय करते है| School, University और Company अपने कनेक्शन का भुगतान क्षेत्रीय नेटवर्क को करती है तथा वह क्षेत्रीय नेटवर्क इस एक्सेस के लिए इन्टरनेट सेवा प्रदाता को भुगतान करता है|
वह कंपनी जो इन्टरनेट एक्सेस प्रदान करती है इन्टरनेट सेवा प्रदाता (Internet Service Provider) कहलाती है| किसी अन्य कंपनी की तरह ही इन्टरनेट सेवा प्रदाता अपनी सेवाओ के लिए User से पैसा लेती है| internet Service Provider Company दो प्रकार का शुल्क लेती हैं|

1. इन्टरनेट प्रयोग करने के लिए|
2. इन्टरनेट कनेक्शन देने के लिए|

Users को इन्टरनेट कनेक्शन लेने तथा इन्टरनेट प्रयोग करने का शुल्क ISP को देना पड़ता है| ISP कंपनी Users से समयावधि, दूरी, गति तथा डाटा डाउनलोड या अपलोड की मात्रा के अनुसार शुल्क लेती है | BSNL, IDEA, Reliance, Sify, Bharti, VSNL, Airtel, Vodafone आदि इन्टरनेट सेवा प्रदाताओ के नाम हैं|